

एक नजर में

## ग्राम रामखेड़ा में मलेरिया जांच के लिए मांस सर्व






**सरदारपुर .** मास सर्विलेंस कैंप का आयोजन विकासखंड के अंतर्गत ग्रामों में मलेरिया ,डेंगू ,चिकनगुनिया जैसी बरसाती बीमारियो के बारे में जानकारी दी गई बचाव के बताए उपाय ।.ग्राम रामखेड़ा उप स्वास्थ्य केंद्र अमरेला विकासखंड सरदारपुर के अंतर्गत मांस सर्विलांस कैंप का आयोजन किया गया जिसमें संपूर्ण जन समुदाय की मलेरिया जांच आवश्यक तथा मलेरिया जांच की गई

## गिरीश राठौर पुन : समाज अध्यक्ष मनोनीत, नवयुवक मंडल अध्यक्ष बने विजेन्द्र







**धार।** सकल पंच राठौर समाज का अन्नकूट महोत्सव इस वर्ष 30 अक्टूबर आंवला नवमीं को मनाया जाएगा। इस वर्ष का अन्नकूट महोत्सव नगर भोज के रूप में होगा। बुधवार को इस बात का निर्णय समाज की उटावद दरवाजा स्थित धर्मशाला में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया है। वहीं समाज के अध्यक्ष पद पर पुन॰ गिरीश राठौर सेनापति को मनोनित किया गया है। श्री राठौर का मनोनयन उनके पूर्व के कार्यकाल के दौरान समर्पण भाव से समाजहित में कार्य करने के कारण पुन॰ किया गया है। बैठक में नवयुवक मंडल अध्यक्ष पद पर विजेन्द्र राठौर को दायित्व सौंपा गया है। अन्नकूट महोत्सव समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौर बनाए गए है। महिला मंडल अध्यक्ष की कमान श्रीमती किरण भोला राठौर को सौंपी गई है। बैठक में ब?ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

चंदा नहीं लेंगे, स्वनिधि से होगा भोज- समाज अध्यक्ष गिरीश राठौर ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव के तहत प्रतिवर्ष की तरह भगवान सत्यनारायण की शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस वर्ष निर्णय लिया गया है कि समाज पर अन्नकूट महोत्सव के तहत दान सहयोग नहीं लिया जाएगा। किसी भी प्रकार की दान राशि या चंदा नहीं एकत्रित किया जाएगा। समाज के भोज के अतिरिक्त सामाजिक समरसता के उद्देश्य से नगर भोज होगा। अन्नकूट महोत्सव के तहत 27 अक्टूबर से सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजनों की शुरुआत होगी। जिसके तहत भगवान की सत्यनारायण की कथा और हवन पूजा सहित समाजजनों के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाएगा। 29 अक्टूबर को पुरस्कार वितरण होगा। जिसमें विजेताओं के अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। यह जानकारी राजू राठौर अन्नकूट समिति संयोजक ने दी।

## नवागत पुलिस कप्तान से मिलने पहुंचे भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष जैन, क्षेत्र सुरक्षा एवं पुलिस जवान बल बढ़ाने की रखी मांग



**सरदारपुर न्यूज़,,धार** जिले के नवागत पुलिस कप्तान ह्यश्र मयंक अवस्थी जी से सौजन्य भेटकर दुपट्टा व माला पहनाकर स्वागत किया पुलिस प्रशासक महोदय से राजगढ़ ग्रामीण मंडल की तिरला चौकी पर पुलिस बल बढ़ाने की मांग की जनता की सुरक्षा का विशेष रख ध्यान क्षेत्र में सुख समृद

## मास सर्विलेंस कैंप का आयोजन

## मलेरिया , डेंगू , चिकनगुनिया जैसी बरसाती बीमारियों के बारे में जानकारी दी

**सरदारपुर** ।ग्राम रामखेड़ा उप स्वास्थ्य केंद्र अमरेला विकासखंड सरदारपुर के अंतर्गत मांस सर्विलांस कैंप का आयोजन किया गया जिसमें संपूर्ण जन समुदाय की मलेरिया जांच आवश्यक तथा मलेरिया जांच की गई साथ ही तथा वर्तमान में वर्षा ऋतु प्रारंभ है।इस दौरान मच्छर जनित बीमारियों के प्रति जन- जागरूकता लाने के लिए जिला मलेरिया अधिकारी श्री धर्मेंद्र जैन सर तथा जिला मलेरिया सलाहकार श्री रेवचंद्र जी कटारा सर तथा मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी श्रीमती डॉक्टर शीला मुछल्दा के नेतृत्व में वेक्टर जनित रोग नियंत्रण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। जिसमें इन बीमारियों के बचाव,उपचार, निदान के बारे में जानकारी प्रदान की गई।ग्राम पंचायत के लोग, ग्रामीण जन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। ग्रामीण जन को मलेरिया, डेंगू,चिकनगुनिया आदि रोगों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।तथा उनके बचाव ,उपचार, निदान के बारे में बताया गया ।साथ ही मच्छरदानी में सोने नीम की पत्तियों का धुआं करने ।किसी भी कंटेनर में जैसे - पानी की टंकी, टायर , कुलर , गमले, मटके, अन्य अनूउपयोगी सामग्री, नारियल का खोल, प्लास्टिक की बेकार बड़ी वस्तुएं, ऐसी वस्तुएं जिनमें सात दिनों से ज्यादा पानी जमा हो।उन सभी को चेक करना तथा अगर उनमें लार्वा बनता है।तो उसे नष्ट करना।लार्वा के बारे में पहचान तथा लार्वा के बारे में बताना। साथी गमबुसिया मछली के बारे में बताना जो की जैविक नियंत्रण करते हैं ।इस प्रकार बुखार आने पर स्वास्थ्य कर्मचारी या शासकीय अस्पताल जाना। साथ ही कहीं पर भी पानी जमा हो तो उस पानी की निकासी करना पानी के गड्ढे में मिट्टी डालना या जला आइल डालना।इस दौरान ग्रामीणों व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही गांव में लार्वा सर्वे भी किया गया ।इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, पंच लोग तथा ग्रामीण लोग आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम जिसमें, सेक्टर सुपरवाइजर सीताराम ठाकुर, रमेश जी भूरिया , सि एच ओ मधुबाला कोरवेज , एएनएम सागर अहोरी , आशा सुपरवाइजर तेजा , आशा कार्यकर्ता ममता ओसारी , माया मदारिया, आशा प्रजापत, रीना ओसारी , सुनीता परमार । श्री जितेन चौधरी जी मिलेरीया निरीक्षक उपस्थित थे






# आज स्वदेशी के रास्ते हम आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर : मंत्री सिलावट

**आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर हुई पत्रकार वार्ता**



**धार** ।भाजपा जिला कार्यालय धार पर आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प अभियान को लेकर गुरुवार को एक पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इसमें बतौर मुख्य वक्ता प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट ने संबोधित किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती विधायक श्रीमती नीना वर्मा, ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार, पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा उपस्थित रहे। पत्रकार वार्ता में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान और हर घर स्वदेशी अभियान को लेकर चर्चा की गई

मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है, देश को विकसित बनाने का मार्ग आत्मनिर्भर भारत के निर्माण से जाता है,आत्मनिर्भर भारत निर्माण का सशक्त माध्यम स्वदेशी है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने प्रत्येक भारतीय को हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अभियान से जोड़ने का आह्वान किया है। मोदी जी ने जीएसटी में कटौती कर हर वर्ग को लाभ पहुंचाने का काम किया है और यह एक ऐतिहासिक कदम है ।मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के इस निर्णय से हर वर्ग के चेहरे पर आज खुशी देखी जा सकती हैं । आज स्वदेशी के रस्ते हम आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ रहे हैं । देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार ने धीरे-धीरे उद्योग योजनाओं के माध्यम से प्रदेश आत्मनिर्भर बन रहा है।

भारतवर्ष तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के पहले हम विश्व में दसवें स्थान पर थे लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने फिर चौथे स्थान पर आए। अब हम तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर है। भारत स्वदेशी केवल आर्थिक क्षेत्र में ही नहीं है यह हमारी संस्कृति और आत्मा का हिस्सा है। हम विदेशी वस्तुओं के पीछे भागने की बजाय अब अपनी जड़ों को पहचान रहे है। प्रधानमंत्री जी के मेक इन इंडिया अभियान, स्टार्टअप इंडिया अभियान ने भी भारत को आत्मनिर्भरता के लिए बल प्रदान किया ।

### आमजनों के जीवन को ऊंचा उठाने में लगे पीएम

वोकल फॉर लोकल जैसे नारे ने एक नई ऊर्जा का संचार किया है।हमारी शक्ति, हमारी संस्कृति और हमारी उद्योग कुशलता ही हमें आत्मनिर्भर भारत की ऊंचाईयों तक ले जाएगी।प्रधानमंत्री मोदी जी आम जनों के जीवन की कठिनाईयों को कम करने के लिए प्रयासरत है पहले लोग पैसे के अभाव में बेहतर इलाज नहीं करा पाते थे लेकिन आयुष्मान योजना में 5 लाख तक के मुफ्त इलाज से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। इसी के साथ महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में भी हमारी सरकार काम कर रही है। भारत पहले रक्षा उपकरणों के मामले में पूरी तरह दूसरे देशों पर आश्रित था लेकिन आज भारत रक्षा के क्षेत्र में स्वदेशी अपना रहा है। पहले रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे जबकि आज हमारे बड़े पैमाने पर रक्षा उपकरणों को विश्व में निर्यात कर रहे है आज हम पूरी तरह से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो गए है। कोविड जैसी वैश्विक बीमारी में भी हमने स्वदेशी वैक्सीन व पीपीई किट का निर्माण किया जिससे देश में बड़े पैमाने पर जनहानि होने से हमने लोगों को बचाया इसी के साथ हमने 100 से अधिक देशों को卐 वैक्सीन मैत्री卐 के तहत वैक्सीन का निर्यात किया। भारत आज दवाईयों का सबसे बड़ा निर्यातक है। जीएसटी दरों में कटौती होने से हमारे स्न्स्न्ध%ह्य , कुटीर व लघु उद्योगों को बहुत फायदा होगा क्योंकि बड़े पैमाने पर स्वदेशी वस्तुओं की मांग होने से उनका उत्पादन भी बढ़ेगा । आत्मनिर्भर भारत बनने का संकल्प केवल भाजपा का संकल्प नहीं है बल्कि यह प्रत्येक भारतीय का संकल्प है?। संचालन जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा व आभार ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने किया।

# नयापुरा माकनी में साबुन और पानी से हाथ धोने के सही तरीके व लाभ बताएं

**विश्व हाथ धुलाई दिवस पर विशेष**




**नागदा** (धार) हाथ धोना सिर्फ हमारे स्वास्थ्य के लिए नहीं, बल्कि जो लोग हमसे जुड़े हुए हैं, उनके स्वास्थ्य के लिए भी एक अच्छी आदत है। हाथ धोना हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है, इसकी जानकारी हमें कोरोना महामारी दौरान हो चुकी है। यह बात प्रधानाध्यापक गोपाल कौशल ने शासकीय नवीन प्राथमिक विद्यालय नयापुरा माकनी में बुधवार को विश्व हाथ धुलाई दिवस पर कही

उन्होंने बताया कि सही तरीके से हाथों को धोकर बैक्टीरियल इंफैक्शन, डायरिया, निमोनिया, टाइफाइड जैसी कई संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है। हाथ धोना हमारे लिए महत्वपूर्ण है।

इसके बावजूद लोग सही तरीके से हाथों को धोते नहीं हैं और बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। लोगों को हाथों को धोने प्रति जागरूक करने के लिए हर साल 15 अक्तूबर को ग्लोबल हैंड वाशिंग-डे मनाया जाता है। ग्लोबल हैंडवाशिंग-डे को मनाने की शुरूआत 2008 में हुई थी। साबुन और पानी से हाथों को धोकर साफ हाथों का महत्व बताया था।

उन्होंने बताया कि सबसे पहले हाथों को पानी से अच्छे तरीके से गीला कर लें। हाथों को पानी से गीला करने के बाद साबुन या हैंडवाश लें और अपनी हथेलियों पर रगड़ें। हथेलियों के अलावा उंगलियों को भी रगड़ें, ताकि वह भी कीटाणु मुक्त हो जाएं। अब हाथों को पानी के नीचे ले जाकर रगड़ते हुए साफ करें। हाथों को साफ करते हुए ध्यान दें कि साबुन सही तरीके से निकल गया है या नहीं।

### पानी से हाथों को धोने के बाद तौलिये या टिश्यू से पोंछकर सुखा लें

इस अवसर पर बच्चों के लिए हाथ धोने के सही तरीके पर बालगीत ,स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई गईं, बच्चों को स्वच्छता शपथ दिलाई व बच्चो को बताया कि अगर साबुन और पानी उपलब्ध न हो, तो कम से कम 60 प्रतिशत अल्कोहल युक्त हैंड सैनीटाइजर का इस्तेमाल जरूर करें। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती सीमा तिवारी ने भी बच्चों को प्रेरित किया।



## आंधी के साथ तेज बारिश से त्योहारी हाट में व्यापारियों को भारी नुकसान

**बाकानेर ।** दीपावली के पूर्व बारिश के कारण व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ है, ख़ासकर साप्ताहिक गुरुवार हाट का दिन होने से अप्रत्याशित और तेज़ बारिश ने बिक्री को प्रभावित किया है और कुछ व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ है।

बारिश से ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई और रेहड़ी-पटरी वालों को सामान ढक कर रखना पड़ा, जिससे उनके धंधे पर नकारात्मक असर पड़ा। अचानक तेज बारिश के कारण लोग खरीदारी के लिए बाहर नहीं निकले, जिससे दीपावली जैसे महत्वपूर्ण त्योहारी सीजन में बिक्री पर सीधा असर पड़ा। व्यापारियों को भारी नुकसान व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ है, सबसे ज़्यादा प्रभावित॰ रेहड़ी-पटरी वाले व्यापारी सबसे ज़्यादा प्रभावित हुए, क्योंकि वे अक्सर त्योहार के दिनों की बिक्री पर निर्भर रहते हैं। बारिश के कारण उन्हें अपने सामान की सुरक्षा के लिए प्लास्टिक शीट से ढकना पड़ा। शनिवार को धनतेरस होने के कारण झाड़ू वालो की बिक्री नहीं हो पाई वहीं कुंभकारों द्वारा लगाई गई दिए की दुकान की बिक्री पर भी असर पड़ा।

अचानक कहीं तेज बारिश से पटाखे की दुकानों पर काफी नुकसान हुआ पटाखा व्यापारी यशवंत तोरने ने बताया कि अचानक आई बारिश से लाखों रुपए के पटाखे गीले हो गए।अचानक बारिश आने से किसानों को भी भारी नुकसान होगा कपास की फसल प्रभावित हुई वहीं क्षेत्र में4 अभी मक्का कटाई एवं सोयाबीन कटाई हो रही है और फसल खेत पर ही पड़ी है ऐसे में किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा

एक नजर

श्रोताओं ने देर रात तक काव्य पाठ का उठाया लुत्फ

## जोड़कर रखने वाली पीढ़ियां अब नहीं दिखतीं, वर्तमान युवाओं की जवानी तलवार से केक काटने लगी है



**नागदा** । जोड़कर रखने वाली पीढ़ीयां अब नहीं दिखती है। वर्तमान युवाओं की जवानी तलवार से केक काटने लगी है। उक्त विचार टकरावदा में आयोजित विराट कवि सम्मेलन में कवि दर्शन लोहार ने हिन्दू राष्ट्र बनाने व वर्तमान युवा पीढ़ी को आधुनिक परिवेश में ढलने की स्थिति पर जोशीली कविता पढ़ते हुए कही।

कवि धिरज शर्मा नालछा ने बदलते परिवेश पर कटाक्ष करते हुए कहा लड़कियों के तन पर कपड़े घट रहे हैं एवं मुंह पर लपेटी जा रही है। वहीं हास्य रस के कवि पंकज दुप्पल ने हास्य व्यंग्य से श्रोताओं को गुदगुदाते हुए किसानों की पीड़ा व मर्म को समझते हुए सरकार की भावंतर योजना पर कटाक्ष करते हुए सोयाबीन के दाम छह हजार करने की बात कही। काव्य पाठ की शुरुआत कवि गोपाल कावलिया ने की शुरुआती दौर में युवाओं की संख्या देखकर अपने अंदाज में कहा नींद आंखें बन्द करने से नहीं बल्की नेट बन्द करने से आती है पंक्तियो के माध्यम से मोबाईल के दुरूपयोग का प्रभाव बताया।

वहीं नारायणसिंह पंवार अनारद ने बदनावर के राजनीति परिदृश्य पर हनुमान चालीसा की तरह राजनीतिक चालीसा का पाठ कर व बा जिन्दा है,दास्तांए क्या सुनाए तुम्हें गुजरे जमाने की। रसिक श्रोताओ को खुब हंसाया। मंच पर अन्तिम वक्ता के रूप में कवियत्री नम्रता नमिता ने अपनी प्रस्तुति-अब भी लगता है ये मेरे साथ है,जिनसे बिछड़े हुए एक जमाना हो गया।

गीत ग़ज़ल की प्रस्तुति देकर ग़ज़लों के शोकिन श्रोताओ का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि करणी सेना परिवार राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवनसिंह शेरपुर, राजवर्धनसिंह दत्तीगांव, विशेष अतिथि पं. छोटू शास्त्री,शरदसिंह सिसोदिया, नरेंद्रसिंह बुंदेला, नारायणसिंह पंवार, लाखनसिंह जादौन सकतली, गौरवसिंह मोर्य खेड़ी सिहोद,सुनीलकुमार यादव, हर्षदीपसिंह, शिवपालसिंह गौड़, ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

अध्यक्षता मनोहरसिंह चावड़ा ने की। स्वागत भाषण महेंद्रसिंह चावड़ा टकरावदा ने दिया। अतिथियो ने कवि सम्मेलन पर अपने विचार व्यक्त किए। सम्मान समारोह में क्षेत्र की प्रतिभाओं, भूमिदानदाताओं, पत्रकारों, समाजसेवियो, पर्यावरण प्रेमियों, शिक्षा जगत में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले शिक्षको सहित डीएसपी अखिलेश मीनारे दसाई को भी अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। स्थल श्रोताओं से खचाखच भर गया कई लोगो ने खड़े रहकर काव्य पाठ का आनंद लिया।

इस अवसर पर मीडियाकर्मी, जनप्रतिनिधि,आसपास के गांवो सहित रतलाम,इंदौर,खंडवा,उज्जैन सहित अनेक जिलों के करणी सैनिक व श्रोतागण काव्य पाठ सुनने के लिए उपस्थित हुए। मंच संचालन कवि राकेश शर्मा ने प्रत्येक कवियों के बीच में संचालन की भूमिका का निर्वाह करते हुए रसिक श्रोताओं को गुदगुदाया। मंचीय आयोजन व सम्मान समारोह का संचालन सुजीत धोड़पकर ने किया। आभार मनोहरसिंह चावड़ा ने माना।